

नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 8 जुलाई, 2025


एक नजर में

## अच्छी बारिश और खुशियाली के लिए मारु समाज ने आसाढ़ी माह की पूजा की



सरदारपुर। नगर के मारु समाजजन द्वारा अच्छी बारिश और देश की सुख-समृद्धि खुशियाली के लिए शनिवार को आसाढी माह की पूजन विधि-विधान से किया । मारु समाजजनो ने इस दिन कृषि सम्बन्धि अपना काम काज भी बंद रखा गया। जानकारी रामु मारू ने दी।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

**इंदौर.** लसुड़िया थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत हो गई. प्रारंभिक तौर पर हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन धक्का देकर गिराए जाने की आशंका के चलते मामला संदेह के घेरे में आ गया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू कर दी है. घटना अंबर गार्डन के समीप की है, जहां 50 वर्षीय राजेश पिता बाबूलाल निवासी सत्यम बिहार कॉलोनी, मजदूरी कर रहा था. वह अचानक ऊपरी मंजिल से नीचे गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों और सहकर्मियों ने पुलिस को बताया कि राजेश को जानबूझकर धक्का दिए जाने की आशंका है, इसे देखते हुए पुलिस ने एहतियातन मर्ग कायम कर सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है. मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौके की परिस्थितियों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी. साथ ही घटनास्थल पर मौजूद अन्य मजदूरों और ठेकेदार से भी पूछताछ की जा रही है. फिलहाल मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है, लेकिन यदि धक्का देने की पुष्टि होती है तो प्रकरण हत्या में बदला जा सकता है.

## कट मारने का विरोध किया तो टॉमी से किया हमला

**इंदौर.** शहर की सड़कों पर अब मामूली कहासुनी भी हिंसक रूप ले रही है. पलासिया थाना क्षेत्र में एक्टिवा सवार युवक ने कट मारने पर जब एक कार चालक को टोका, तो आरोपी ने रास्ता रोककर उस पर टॉमी से हमला कर दिया. हमले में युवक के सिर पर गहरी चोट आई और वह लहूलुहान हो गया.ॉघटना संविद नगर सब्जी मंडी के पास की है. फरियादी महेश पिता भगवानदास निवासी साकेत नगर अपनी एक्टिवा से जा रहे थे. तभी एक चार पहिया वाहन नम्बर एमपी 09 टीए 8115 ने उन्हें तेज गति से कट मारा. महेश ने आवाज लगाकर चालक को गाड़ी सावधानी से चलाने की बात कही. आरोप है कि इसके कुछ ही देर बाद वही कार चालक सब्जी मंडी के पास रुका, और जैसे ही महेश पीछे से वहां पहुंचे, वह गाड़ी से टॉमी लेकर उतरा और गाली-गलौज करते हुए सिर पर हमला कर दिया. टॉमी की चोट बाईं ओर सिर पर लगी जिससे खून बहने लगा. मामले में पलासिया पुलिस ने महेश की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस अब वाहन नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान कर रही है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं.

## मोहर्रम में शेर बनकर निकले युवक से की मारपीट

**इंदौर.** खजराना क्षेत्र में मोहर्रम के मौके पर पारंपरिक मान के तहत शेर का रूप धारण कर घूम रहे युवक से कुछ लोगों ने पहले चिढ़छाड़ की और फिर मारपीट कर दी. इस घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. घटना नाहरशाह वली दरगाह मैदान, खजराना की है. खजराना पुलिस ने बताया कि मंगू सिंह पिता राजू ठाकुर निवासी गांधीग्राम मोहर्रम पर परंपरागत रूप से शेर की पोशाक में कार्यक्रम में भाग ले रहे थे. तभी इकराम निवासी गोया रोड और उसके एक साथी ने उन्हें देखकर चिढ़ाना और अपमानजनक टिप्पणी करना शुरू कर दिया. जब मंगू सिंह ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने मंगू सिंह की शिकायत पर इकराम और उसके साथी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## कचरा प्रसंस्करण केंद्र स्थापना का भूमि पूजन

**देपालपुर.** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत नगर परिषद देपालपुर द्वारा वार्ड क्रमांक 4 में नवीन ट्रेंचिंग ग्राउंड पर नगर से उत्पन्न गीले एवं सूखे कचरे के प्रभावी निष्पादन हेतु आधुनिक कचरा प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना की जा रही है. इस परियोजना की कुल लागत 40 लाख रुपए है इस प्रसंस्करण केंद्र की क्षमता 3 टन प्रति दिन होगी, जिसमें गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण और निस्तारण की आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी. इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ. भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अनीता महेशपुर गोस्वामी. वरिष्ठ पार्षद विमल यादव, उपाध्यक्ष गोपाल कटेसिया, क्षेत्रीय पार्षद अनिल धाकड़, रवि चौरसिया, मस्जिद खान, सतीश मारू आदि जन प्रतिनिधि मौजूद थे. विधायक मनोज निर्भयसिंह पटेल के प्रयासों से यह परियोजना संभव हो सकी.

## खेत की मेढ़ का विवाद बना हिंसक झगड़ा

**इंदौर.** देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमदा में खेत की मेढ़ को लेकर शुरू हुआ विवाद दो पक्षों के बीच हिंसक झगड़े में बदल गया. बात इतनी बढ़ गई कि दोनों ओर से लात-घूंसे चले, गाली-गलौज हुई और जान से मारने की धमकियां दी गईं. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी लोकेश पिता शिवनारायण पंवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उमेश पिता लालचंद और संजय ने खेत की मेढ़ फाड़ने को लेकर विवाद किया और मारपीट शुरू कर दी. लोकेश ने बताया कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लात-घूंसे मारकर जान से मारने की धमकी भी दी. वहीं, दूसरे पक्ष से उमेश पिता लालचंद बमोत्रिया ने भी लोकेश के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है. दोनों ही पक्षों के आरोप गंभीर हैं और पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर आपसी झगड़े की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर मौजूद अन्य ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है और झगड़े का वास्तविक कारण और दोषी पक्ष की पहचान के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं.

## खेत के रास्ते को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

**इंदौर.** हातोद थाना क्षेत्र के ग्राम बसांद्रा में खेत के रास्ते को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और धमकी में बदल गया. पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी सोहन पिता अंतरसिंह कालौता, निवासी नाहरखेड़ा अपने खेत पर था, तभी रास्ते को लेकर उसका श्याम पिता रतन, नरेन्द्र पिता श्याम, आर्यन पिता नरेन्द्र, विकास पिता जीवन, चेतन पिता मेहरबान और विनोद पिता भुवान सिंह सभी निवासी नाहरखेड़ा से विवाद हो गया. सोहन ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने गालियां दीं, और जब उसने आपत्ति ली तो सभी ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी. मारपीट के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई. फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और खेत के रास्ते को लेकर चल रहे पुराने विवादों को भी खंगाला जा रहा है. पुलिस ने कहा कि यदि ज़मीन या रास्ते संबंधी कोई कानूनी दस्तावेज सामने आते हैं, तो उसके आधार पर भी जांच को आगे बढ़ाया जाएगा.

## केस वापस लेने का बनाया दबाव, न मानने पर की मारपीट

**इंदौर.** शहर में पुराने मामलों में समझौते और केस वापस लेने के दबाव को लेकर दो अलग-अलग घटनाओं में धमकी और मारपीट की शिकायतें सामने आई हैं। एक मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जबकि दूसरी घटना सांवेर के राजोदा फाटा क्षेत्र की है. दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहली घटना में योगेश पिता प्रेम मीणा निवासी सांई नगर, मूसाखेड़ी ने शिकायत दर्ज कराई कि मुकुल पिता ओंकार चौहान निवासी आजाद नगर क्षेत्र ने पुराने केस को वापस लेने के लिए उस पर दबाव बनाया. इंकार करने पर मुकुल ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने मुकुल के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है.

# नगर परिषद कर्मचारी ने आत्महत्या की

## सुसाइड नोट में आत्महत्या के लिए सीएमओ को जिम्मेदार ठहराया

**सरदारपुर । नगर परिषद सरदारपुर मे स्वीपर के पद पर पदस्थ कर्मचारी ने रविवार को अपने घर मे फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।बाहर गांव गए परिवार वालो ने शाम को आकर देखा तो व्यक्ति फांसी पर लटका मिला।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद सरदारपुर मे राजेश सांखला स्वीपर के पद पर कार्यरत था।रविवार को राजेश ने अपने घर मे फांसी लगाकर जान दे दी।परिवार वाले बाहर गांव गए थे।जब शाम को 04 बजे घर लोटे तो देखा तो राजेश फांसी पर लटका मिला।पुलिस को इसकी सूचना रविवार की शाम 06 बजे मिली।सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुआयना कर पंचनामा बनाकर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया।जहां शाम होने से नियमानुसार



पोस्टमार्टम नही किया जा सका। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया है।

थाना प्रभारी रोहित कछावा ने बताया कि मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है।जिसमे सीएमओ यशवन्त शुक्ला से परेशान, प्रताड़ित होकर सुसाइड करना बताया गया है। पुलिस सुसाइड नोट की जांच मे जुटी हुई है।जांच की सत्यता की पुष्टि होने के बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी।एसडीएम आशा परमार ने बताया कि सुसाइड नोट की लिखावट की जांच हेन्डराइटिग एक्सपर्ट से करवाई जाकर यह पता लगाया जाएगा कि सुसाइड नोट मृतक द्वारा ही लिखा गया है अथवा अन्य किसी व्यक्ति ने लिखा है।जो साजिश भी हो सकती है।इस बात की पुष्टि के बाद ही सीएमओ की भूमिका पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।इस बारे मे सीएमओ यशवन्त शुक्ला ने बताया कि विगत 02 माह से मेरी उक्त कर्मचारी से कोई बातचीत ही नही हुई है।मुझे लगता है मेरा नाम लिखने के पीछे कोई साजिश है।मृतक के पुत्र पीयुष सांखला ने बताया कि पापा अक्सर सीएमओ व कुछ अन्य कर्मचारी से प्रताड़ित होने के बारे मे बताते थे।इस बारे मे पूर्व मे 181 पर भी शिकायत की गई थी।लेकिन सम्बन्धितो पर कोई कार्यवाही नही हुई।अंततः पिता ने सुसाइड कर लिया।



## संगठन के गठन के लिए बैठक आयोजित

**सरदारपुर** । आउटसोर्स संयुक्त मोर्चा और डिपार्टमेंट अंशकालीन कर्मचारी संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन के लिए तहसील सरदारपुर मैं बैठक का आयोजन किया आयोजन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष की उपस्थितिमें जिसमें मुख्य अतिथि आउटसोर्सिंग मोर्चा और डिपार्टमेंट की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती ममता ठाकुर जिला उपाध्यक्ष सुरेश जी गोयल राजेंद्र जी रावत कुक्षी तहसील अध्यक्ष की उपस्थिति मैं जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें 21 जिला पदाधिकारी का गठन किया गया और साथ में सरदारपुर तहसील के नवागत तहसील अध्यक्ष श्री नंदलाल मारू को नियुक्त किया गया इस बैठक में दिनांक 27.7.2025 का महासम्मेलन जो श्री अध्यक्ष वासुदेव शर्मा जी के नेतृत्व में किया जाएगा जिसकी रूपरेखा तैयार की गई इस बैठक में आउटसोर्स ऑल डिपार्टमेंट के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे बैठक में गोविंद बाबर उमाशंकर दबिया रमेश चौहान रघु बाला डूबेला जमुना कटारे मालती यादव कविता और सैकड़ो कर्मचारियों ने बैठक में जोर-शोर से भाग लिया बैठक में समस्त अंशकालीन कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी स्थाई कर्मी कर्मचारी आशा उषा कोटवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आउटसोर्स कर्मचारी समस्त विभाग के पंचायत कुर्मी आदि की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए नवजात जिला अध्यक्ष श्री भारत सिंह ठाकुर ने आश्वस्त किया कि समस्या का समाधान बहुत जल्द किया जाएगा यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी कन्हैया लाल मालवीय और जिला महामंत्री प्रेम सिंह पटेल के द्वारा दी गई

## गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में शास्त्रीय गायन एवं कथक समूह नृत्य से सजेगी शाम

**धार।** मध्?यप्रदेश शासन, संस्?कृति विभाग के सौजन्य से विगत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी *गुरु पुर्णिमा पर्व* के अवसर पर *9जुलाई 2025, बुधवार को, प्रातः 11:00 बजे से चित्रकला पर डेमॉन्सट्रेशन तथा 10 जुलाई,2025, गुरुवार को प्रातः 11 बजे व्याख्यान* शा. ललित कला महाविद्यालय घोड़ा चौपाटी धार में तथा *12 जुलाई 2025, शनिवार संध्या 6:00 बजे से शास्त्रीय गायन एवं कथक समूह नृत्य विक्रम ज्ञान मंदिर, लाल बाग, में 卐संगीत सभा%%* का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य, शा. संगीत एवं शासकीय ललित कला महाविद्यालय धार ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित चित्रकला पर व्याख्यान एवं डेमॉन्स्ट्रेशन प्रख्यात चित्रकार श्री सिद्धार्थ शिंगाड़े, मुंबई द्वारा होगा। 卐संगीत समारोह卐 में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे सुप्रसिद्ध गायक श्री विजय सप्रे,भोपाल एवं अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना डॉ. वी. अनुराधा सिंह , भोपाल, कथक समूह नृत्य प्रस्तुत करेंगी।



## युवा संगम प्लेसमेंट में 18 युवाओं का चयन

**धार** । प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह बदनोरा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आयटीआय, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उघोग केन्द्र धार के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को शासकीय आईटीआई धार में युवा संगम प्लेसमेंट प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न कम्पनियों द्वारा 18 युवाओं का चयन किया गया। इनमें प्लेसमेंट ड्राइव में साक्षात्कार के माध्यम से युवाशक्ति स्किल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 7, प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर द्वारा 6 एवं अल्ट्राटेक सीमेंट मनावर द्वारा 5 में का चयन किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री अनिल कुमार राजोरिया ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## युवक ने जहर पीकर की आत्महत्या

मनावर -गोकुल पिता अमरसिंह निवासी जीराबाद उम्र 17 वर्ष कीटनाशक दवा पीने से मनावर के निजी अस्पताल मृत्यु हो गई हंसमुख मिलनसार होकर धार्मिक प्रवति का था पिता



अमर सिंह ने बताया की पढ़ाई में होशियार था ऐसा कैसा कदम उठाया हमारी समझ से बाहर है तीन बहन इकलौता भाई था जिराबाद में जिसने भी सुना उसे अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ अंतिम संस्कार जिराबाद से 2 किलो 2 किलोमीटर ग्राम रोड़दामें हुआ जिराबाद के कई गणमान्य नागरिक . एव .महेश राठौर कमलेश राठौर सुनील जोहरी पत्रकार प्रकाश सोनी मुकेश निगवाल?मपाटीदार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करी

## एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण

**सरदारपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान में रविवार को सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर में चिकित्सकों ने पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। नवीन सिविल अस्पताल परिसर में सिविल मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार ,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल पाटीदार ,आरएमओ डॉक्टर दीपक सोलंकी , हुल्लास पाटीदार ,सोहन पाटीदार द्वारा नवीन सिविल



अस्पताल भवन में पौधारोपण किया।

## समयावधि पत्र समीक्षा बैठक संपन्न, धरती अभियान व पौधारोपण पर दिया जोर

**धार। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण भौतिक रूप से उपस्थित रहे, जबकि अनुभाग स्तरीय अधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।**

बैठक में मुख्य रूप से सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। श्री चौधरी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए और संबंधित अधिकारी नियमित रूप से पोर्टल पर फॉलोअप दर्ज करें। किसी भी स्थिति में शून्य कार्यवाही की प्रवृत्ति नहीं चलेगी।

बैठक में अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत जारी पौधारोपण कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा हुई। श्री चौधरी ने कहा कि इस अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाना है। प्रत्येक विभाग को अपने स्तर पर पौधारोपण के लक्ष्य निर्धारित कर समयसीमा में पूर्ण करना होगा।



उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किए गए पौधारोपण की जानकारी माय लाइफ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। अपलोडिंग में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा देरी को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी विभागीय नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक प्लांटेशन की फोटो, लोकेशन एवं संबंधित विवरण पोर्टल पर सही तरीके से दर्ज हो।

श्री चौधरी ने अधिकारियों से यह भी अपेक्षा जताई कि वे अपने अधीनस्थ अमले को इन निर्देशों से अवगत कराएं तथा समयबद्ध पालन सुनिश्चित करें। पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखरेख की सतत व्यवस्था के लिए भी कार्ययोजना बनाएं।बैठक के अंत में उन्होंने समस्त अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को दृष्टिगत रखते हुए उत्तरदायित्व का निर्वहन करें और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आक्रोश | पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1000हजार रुपए प्रति साल बढ़ाने की घोषणा की थी वह अभी तक नहीं मिली मिली उसे शीघ्र दिलवाया जाए,

## संचार मंत्री सिंधिया से मिला आशा-उषा प्रतिनिधिमंडल, दिल्ली में सौंपा ज्ञापन

**सरदारपुर न्यूज़. भाजपा के शासनकाल में जल्द ही आपकी मांगों का निराकरण किया जाएगा माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव आपके द्वारा दिए गए ज्ञापन का जल्दी हल निकाल कर आपकी मांगे पूरी की जाएगी**

शनिवार को मध्य प्रदेश की आशा कार्यकर्ता ,उषा ,आशा सहयोगी संगठन नई दिल्ली पहुंचकर संचार भवन नई दिल्ली केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर अपनी मांगों को लेकर , ज्ञापन दिया और चर्चा की गई तो प्रदेश अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने बताया सिंधिया जी को , मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 29 जुलाई 2023 को भोपाल के लाल परेड मैदान में आशा कार्यकर्ता की महापंचायत रखी गई थी तब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1000हजार रुपए प्रति साल बढ़ाने की घोषणा की थी वह अभी तक नहीं मिली मिली उसे शीघ्र दिलवाया जाए, आशा एवं आशा पर्यवेक्षक को सरकारी कर्मचारी की मान्यता दी जाए , आशा



पर्यवेक्षक को लैपटॉप दिलाया जावे, आशा कार्यकर्ता को 6000 की जगह 12000 दिया जावे, आशा पर्यवेक्षक को 15000 की जगह 30000 दिया जावे यह चर्चा की गई चर्चा के दौरान नई दिल्ली केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आशा कार्यकर्ता उषा आशा सहयोगी संगठन को मांगों की निराकरण की बात करते हुए संगठन को बताया कि जल्द से जल्द ही केंद्र सरकार से कुछ अच्छा ही दिलाया जाएगा इस अवसर पर आशा उषा कार्यकर्ता संगठन की धार जिला अध्यक्ष संगीता मारू ने बताया कि शनिवार को नई दिल्ली संचार भवन पर चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव कविता सैनी ,ममता खिलची, धार ब्लॉक अध्यक्ष किरण भोंसले, धार अनीता शर्मा, बदनावर ब्लॉक अध्यक्ष कौशल्या पाटीदार ,बदनावर माया चौहान ,आदि उपस्थित थे यह जानकारी संगठन के इंदौर संभागीय अध्यक्ष शंकर लाल मारू मोयाखेड़ा ने दी